दैनिक
न्याय साक्षी



# रायगढ़ निगम क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ की लागत से बनने वाली 11 सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

❒ रायगढ़ में विकास का नया अध्याय लिखने किया जा रहा कार्य-वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी





रायगढ़

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज रायगढ़ निगम क्षेत्र में 4 करोड़ 95 लाख 91 हजार रुपए की लागत ने बनने वाली 10 डामरीकृत सड़क एवं एक सीसी सड़क निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों के लिए वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यहां सड़क निर्माण के कार्य किए जा रहे है इससे जनसामान्य को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने निर्माण कार्य को लेकर निगम अधिकारी एवं संबंधित ठेकेदार को उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इससे क्षेत्र के विकास, आधारभूत संरचना को मजबूती मिलने के साथ लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में विकास का नया अध्याय लिखने के लिए सतत रूप से कार्य के साथ यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ सभी के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन सभी के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है, जिसमें धान का समर्थन मूल्य, महतारी वंदन जैसे विभिन्न योजनाओं के संचालन के साथ ही अधोसंरचना विकास के कार्य किए जा रहे है।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, विद्युत, सड़क, चिकित्सा जैसे मूलभूत विकास के साथ ही नई पीढ़ी को भी ऊंचाई तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। अब तक संभाग मुख्यालय में ही प्रयास विद्यालय का संचालन किया जाता था, लेकिन रायगढ़ पहला जिला है जहां प्रयास विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। यहां पढ़ाई के साथ ही आवासीय सुविधाएं उपलब्ध है। जहां इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ जैसे विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करवायी जाती है। उन्होंने जनसामान्य को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रयास विद्यालय में प्रवेश दिलाएं ताकि हमारा प्रयास सफल हो और बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। इसी प्रकार हार्टीकल्चर कालेज के लिए 24 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। साथ ही राष्ट्रीय स्तर के लाईब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराने नालंदा परिसर की स्थापना की जाएगी। जहां युवा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी आसानी से कर पायेंगे।

महापौर जानकी काटजू ने रायगढ़ के विकास में सतत् रूप से सहयोग के लिए वित्त मंत्री चौधरी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व में निगम क्षेत्र के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य शेख सलीम नियारिया, रमेश भगत पार्षद, पार्षद सुभाष पांडेय, पंकज कंकरवाल, उमेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, गुरूपाल भल्ला, रत्थू गुप्ता, महेश शुक्ला, अशोक यादव, पदुमलाल प्रजापति, रिमझिम मुक्ति प्रसाद, जीवन पटेल, नवल पटेल, पूर्व एल्डरमेन चंद्रशेखर चौधरी, कौशलेश मिश्रा, निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी, उपायुक्त सुतीक्षण यादव, कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण एवं वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इन कार्यों का हुआ भूमि पूजन

कार्यक्रम स्थल छातामुड़ा बस्ती में 32 लाख 15 हजार रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 41 छातामुड़ा मेन गेट से बस्ती तक डामरीकृत सड़क निर्माण, 15 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 41 मेन रोड से सहदेव पाली बस्ती तक सीसी सड़क निर्माण, 50 लाख रुपए लागत से वार्ड क्रमांक 42 अमलीभौना प्राथमिक शाला से बाबा धाम मुख्य मार्ग से बस्ती तक डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इसी तरह मिनीमाता चौक में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 29, 30 पंडित दीनदयाल गार्डन से कयाघाट चौक तक डामरीकृत सड़क निर्माण लागत 32 लाख 70 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक 28, 29 आयुर्वेद हॉस्पिटल से मिनीमाता चौक तक डामरीकृत सड़क 40 लाख 53 हजार रुपए लागत से, वार्ड क्रमांक 20 शहीद चौक से शनि मंदिर तक 22 लाख 5 हजार रुपए लागत से, 1 करोड़ 21 लाख 55 हजार रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 37 शंकर टिंबर पुलिया से बेनी कुंज तक डामरीकृत सड़क निर्माण होगा। बोईरदादर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में बोईरदादर चौक से शालिनी स्कूल तक 48 लाख 50 हजार रुपए की लागत से डामरीकृत सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 48 महेश शुक्ला घर से खोखरा घर तक 20 लाख रुपए लागत से डामरीकृत सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 47 क्रेजी फास्ट फूड सेंटर से विजयपुर चौक से इंदिरा विहार चौक तक 80 लाख 20 हजार रुपए की लागत से डामरीकृत सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 42 सुरभि डेयरी से सुमित घर की ओर मुख्य मार्ग तक डामरीकृत सड़क 29 लाख 83 हजार रुपए की लागत से निर्माण होगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्य में पदस्थ आईएएस अफसरों को चुनाव आयोग ने बुलाया

**नई दिल्ली/रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य के आईएएस अफसरों को चुनाव आयोग की तरफ से बुलावा आया है। जिन 21 अफसरों को बुलावा भेजा गया है, उनमें आर. प्रसन्ना, भुवनेश यादव, सीआर प्रसन्ना, जनक प्रकाश पाठक, शम्मी आबिदी, शिखा राजपूत तिवारी, केडी कुंजाम, किरण कौशल, पीएस एल्मा, सारांश मित्तर, जितेंद्र कुमार शुक्ला, अभिजीत सिंह, दिव्या उमेश मिश्रा, इफ्फत आरा, पुष्पा साहू, रितेश कुमार अग्रवाल, तारण प्रकाश सिन्हा, जगदीश सोनकर, राजेंद्र कुमार, कुलदीप शर्मा और कुन्दन कुमार शामिल हैं। चुनाव आयोग ने केवल आईएएस ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के दो आईपीएस की भी झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव ड्यूटी लगाई है। इन आईपीएस अफसरों में प्रशांत कुमार ठाकुर और भोजराम पटेल शामिल हैं।

### आईपीएस अफसरों को मिली नई पोस्टिंग

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार ने एक एसएसपी सहित तीन आईपीएस अफसरों के तबादले किये हैं। गरियाबंद के एसएसपी को राज्य सरकार ने बदल दिया है। अमित तुकाराम कांबले को कांकेर रेंज का डीआईजी बनाया गाय है। वहीं निखिल अशोक कुमार राखेचा को गरियाबंद का नया एसपी बनाया गया है।

### 45 सब इंस्पेक्टर को मिली पदोन्नति, बने इंस्पेक्टर

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ पुलिस के 45 सब इंस्पेक्टरर्स को दीवाली के पहल दीवाली का तोहफा मिला है। सभी 45 सब इंस्पेक्टर्स को पदोन्नति देकर इंस्पेक्टर बनाया गया है। शुक्रवार को डीजीपी अशोक जुनेजा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

### रेडक्रॉस में निर्वाचन हेतु सदस्यों की सूची चस्पा

**रायगढ़।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर के अनुसार जिला प्रबंध समिति रायगढ़ का निर्वाचन कर गठन किया जाना है। सचिव/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला-शाखा रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन के लिए वोट देने हेतु संरक्षक, उप संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों की सूची सूचना पटल कार्यालय भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, रायगढ़ में चस्पा किया गया है एवं रायगढ़ एनआईसी के वेबसाईट में अपलोड की गई है। आवश्यकतानुसार सदस्यता पंजी सूची कार्यालय के सूचना पटल एवं एनआईसी की वेबसाईट में अवलोकन कर सकते है।

### राज्यपाल डेका बंगाली समाज के दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल हुए

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर में बंगाली समाज द्वारा कालीबाड़ी और टाटीबंध में आयोजित दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल हुए। डेका ने बंगाली समिति द्वारा कालीबाड़ी चौक में विराजित दुर्गा प्रतिमा का दर्शन किया और पूजा अर्चना की। इसके पश्चात वे टाटीबंध में बंगाली समिति द्वारा स्थापित मां दुर्गा के पूजा पंडाल गए और वहां पर पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर प्रथम महिला रानी डेका काकोटी भी उनके साथ थी।

## अवैध कबाड़ परिवहन और सिल्को मैंगनीज पत्थर के अवैध भंडारण पर पूंजीपथरा पुलिस ने की कार्यवाई

रायगढ़



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में अवैध कबाड़ और मूल्यवान खनिज सम्पना के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर सख्त कार्रवाई के क्रम में, दिनांक 09 अक्टूबर 2024 को थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में दो महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई।

पहली कार्रवाई में, पूंजीपथरा पुलिस ने रायगढ़-घरघोड़ा मुख्य मार्ग पर ट्रक क्रमांक सीजी 12 एस 3154 को रोका, जिसमें अवैध रूप से 18 मीट्रिक टन लोहे का कबाड़, जिसकी कुल कीमत लगभग रु.4,00,000 है, का परिवहन हो रहा था। ट्रक चालक निखिल बैस (उम्र 30 वर्ष), निवासी नेउरभंज, थाना रामचंद्रपुर, जिला बलरामपुर (छ.ग.), के पास कबाड़ के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। ट्रक और कबाड़ को मौके पर जप्त कर लिया गया।

दूसरी कार्रवाई में, पुलिस को बिन्नी ढाबा, पूंजीपथरा के पास अवैध रूप से कबाड़ जमा किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर छापा मारने के दौरान पुलिस ने तिलक राम साव उर्फ पिंटू (उम्र 24 वर्ष), निवासी छेडोरिया, थाना घरघोड़ा हॉल मुकाम पूंजीपथरा को अवैध रूप से संग्रहित किए गए 06 बोरी सिल्क मैग्नीज पत्थर (प्रत्येक बोरी में 40 किलोग्राम, कुल 240 किलोग्राम) और लगभग 01 टन लोहे का कबाड़ बरामद किया। सिल्क मैंगनीज पत्थर की कीमत रु.7,200 और लोहे के कबाड़ की कीमत रु.2,700 पाई गई। कुल मिलाकर, लगभग 01 टन 240 किलोग्राम कबाड़ और सिल्क मैग्नीज पत्थर जप्त किया गया, जिसकी कुल कीमत रु.4,34,200 आंकी गई। दोनों मामलों में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ धारा 35(क)(ड) BNSS/303(2) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इन कार्रवाईयों में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा के साथ एएसआई विजय एक्का, जयराम सिदार, हेड कांस्टेबल लाजरस मिंज और कांस्टेबल अभिषेक द्विवेदी व उमाशंकर भगत की अहम भूमिका रही।

## कॉलेज परिसर से लोहे की पाईप चुराने वाले 03 आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों से चोरी का सारा माल बरामद

रायगढ़




थाना पूंजीपथरा क्षेत्र के अंतर्गत ओपी जिंदल सामुदायिक महाविद्यालय परिसर में हुई लोहे के मचान पाइप चोरी की घटना को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भी चोरी को सुलझा लिया है। टीआई राकेश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए 20 नग लोहे के मचान पाइप, कुल वजन लगभग 700 किलोग्राम (कीमत रु.24,000) को बरामद किया और आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है।

रिपोर्टकर्ता मिनकेतन साहू ने 10 अक्टूबर 2024 को थाना पूंजीपथरा में लिखित आवेदन देकर बताया कि ओपी जिंदल कम्यूनिटी कॉलेज पूंजीपथरा परिसर में प्रशिक्षणार्थियों को ट्रेनिंग देने के लिए कॉलेज परिसर में रखे गए 150 नग लोहे के मचान पाइपों में से 20 नग पाइप चोरी हो गए हैं। चोरी की यह घटना सुबह भोर के समय घटित हुई थी।

घटना की सूचना पर थाना प्रभारी पूंजीपथरा, निरीक्षक राकेश मिश्रा और उनकी टीम ने घटनास्थल का दौरा किया। घटनास्थल पर चोरों द्वारा जल्दबाजी में छोड़ी गई मोटरसाइकिल और मोबाइल को पुलिस ने जप्त किया। गवाहों से पूछताछ और त्वरित छानबीन के बाद पुलिस ने ग्राम टिभाऊडीह से तीन संदेही- प्रदीप कुमार अगरिया, ललित अगरिया और लक्ष्मी अगरिया को हिरासत में लिया गया जिसने चोरी के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर चोरी स्वीकार कर चोरी पाईप को वरुण ढाबा के पास बरसाती नाला गड्ढा में छिपाकर रखना बताये।

गिरफ्तार आरोपी-

1. ललित अगरिया (उम्र 20 वर्ष), ग्राम पुसल्दा, थाना घरघोड़ा, जिला रायगढ़।
2. लक्ष्मी अगरिया (उम्र 20 वर्ष), ग्राम टिभाऊडीह, थाना पूंजीपथरा, जिला रायगढ़।
3. प्रदीप कुमार अगरिया (उम्र 18 वर्ष), निवासी कोड़तराई, थाना भूपदेवपुर, जिला रायगढ़।

पुलिस ने आरोपियों के मेमोरण्डम के आधार पर कुल 20 नग लोहे के मचान पाइप जप्त किए। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया १गया है। इस सफलता में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा, एएसआई जयराम सिदार, प्रधान आरक्षक अमित तिर्की, विजय एक्का, राम प्रसाद यादव और अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से चोरी के माल की शत-प्रतिशत बरामदगी संभव हो सकी।

साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा

## पावर ग्रिड तारकेला में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

रायगढ़




पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन में चल रहे साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा के तहत आज पावर ग्रिड तारकेला में अधिकारी, कर्मचारियों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे और साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने अधिकारी, कर्मचारियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए और उन्हें साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जागरूकता पंपलेट का भी वितरण किया गया।

एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने साइबर अपराधों से सावधान रहने की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने हाल के साइबर फ्रॉड के तरीकों को समझाते हुए बताया कि किस प्रकार आम लोग ठगी का शिकार होते हैं और इससे बचने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी।

साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने बताया कि साइबर अपराधियों के गिरोह आईटी पेशेवरों और आम लोगों को गुमराह कर, अनजान कॉल्स, सोशल मीडिया, और फर्जी लिंक के जरिए ठगी करते हैं। उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से साइबर अपराध के विभिन्न प्रकार जैसे प्रोफाइल क्लोनिंग, सेक्सटॉर्शन, और प्रोफाइल हैंगिंग आदि पर जानकारी दी। डीएसपी अभिनव ने साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अनजाने नंबरों और लिंक से सावधान रहने, डिस्काउंट ऑफर्स से सचेत रहने और फेक प्रोफाइल से बचने की सलाह दी।

उन्होंने आगे बताया कि किसी भी प्रकार की ठगी की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 या व्हाट्सएप नंबर 9479281934 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी अनजान स्रोत से मिले एप्लिकेशन डाउनलोड न करें और सोशल मीडिया पर गोपनीयता सेटिंग्स को अपडेट करके प्रोफाइल को सुरक्षित रखें। डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने डिजिटल अरेस्ट और सेक्सटॉर्शन से जुड़े केस स्टडी के उदाहरण देकर समझाया कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज़ नहीं होती है। अगर कोई व्यक्ति पुलिस अधिकारी बनकर पैसे की मांग करता है तो उसे नजरअंदाज करें। साथ ही, उन्होंने अनजान व्यक्तियों के साथ वीडियो चैटिंग करने और निजी फोटो या वीडियो शेयर न करने की भी सलाह दी।

इस जागरूकता कार्यक्रम में साइबर सेल के दुर्गेश सिंह, नवीन शुक्ला, जसवंत दुबे, और तारिक अनवर भी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के महत्व और इससे जुड़े खतरों से अवगत कराया।

## पीएम फसल बीमा: दर्रीडीह के बीमित कृषकों को किया गया पालिसी वितरण

रायगढ़




प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2024 में धान सिंचित व धान असिंचित, मूँग, उड़द, मक्का, अरहर, मूँगफली फसलों का बीमा जिले के किसानों द्वारा कराया गया है। जिसकी पॉलिसी का प्रमाण पत्र आज धरजमयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-दर्रीडीह के 9 कृषकों को वितरण किया गया। उपस्थित कृषकों में मिनकेतन प्रसाद, तिलाम्बर पटेल, हेमलाल, निरंजन कुमार राठिया, निराकर गुप्ता, सुकदेव यादव, घासीराम प्रधान, अजीत कुमार तिर्की, परमानंद गुप्ता व अन्य उपस्थित कृषकों को 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान के तहत पॉलिसी वितरण किया गया। कृषकों को विभागीय योजनाओं, समसमायिक सलाह, किसान क्रेडिट कार्ड, कीट व्याधि में उपचार की जानकारी, वरिष्ठ कृषि विकास.अधिकारी कुंवर किशोर पैंकरा द्वारा दी गई। वितरण समारोह में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजेश भगत, कृषक मित्र रोहित गुप्ता एवं भारतीय कृषि बीमा कंपनी ब्लॉक समन्वयक सुकलाल पटेल उपस्थित रहे।

## सहकारिता विभाग द्वारा जिले में 34 धान उपार्जन केन्द्रों को नवीन पैक्स समिति गठन करने संबंधी कार्ययोजना की गई तैयार

❒ सहकारिता मंत्री कश्यप ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

❒ आर्थिक उन्नति के लिए कार्ययोजना अनुरूप कार्य करने के दिए निर्देश

❒ समस्त ग्राम पंचायतों को पैक्स, डेयरी, मत्स्य एवं वन सहकारी समिति से जोड़ने हेतु दिया गया लक्ष्य

रायगढ़

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने गत दिवस राज्य स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग एवं मत्स्य विभाग को आगामी छः माह हेतु कार्ययोजना तैयार कर जिले के पैक्स समितियों के समस्त धान उपार्जन केन्द्रों को नवीन समिति, मत्स्य पालन विभाग में उपलब्ध जल क्षेत्रों के आधार पर एवं पशुपालन विभाग में दुधारू पशुओं का आंकलन कर उपलब्धता के आधार पर नवीन सहकारी समिति गठन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में बहुउद्देशीय, पैक्स, डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समिति गठन करने के उद्देश्य से मार्गदर्शिका (मानक संचालन प्रक्रिया) जारी कर आगामी पांच वर्षों में समस्त ग्राम पंचायतों को पैक्स, डेयरी, मत्स्य एवं वन सहकारी समिति से जोडऩे हेतु लक्ष्य दिया गया है। जिससे आम जनताओं के लिए आवश्यक सभी सेवायें ग्रामीण स्तर पर ही उपलब्ध कराने एवं समिति के माध्यम से सदस्यों की आर्थिक उन्नति सुदृढ़ करने में सहायक होगी।

बैठक के दौरान विभाग प्रमुखों द्वारा अवगत कराया गया है कि सहकारिता विभाग में वर्तमान धान उपार्जन उपकेन्द्र को नवीन पैक्स समिति गठन करने संबंधी कार्यायोजना तैयार कर ली गई है। इसी प्रकार पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा भी दुधारू पशुओं का आंकलन एवं सर्वेक्षण तथा मत्स्य विभाग द्वारा उपलब्ध जलक्षेत्रों का सर्वे एवं परीक्षण का कार्य जारी होने की जानकारी दी गई। वन विभाग में भी वर्तमान में कार्यरत वन-धन समिति को सहकारी समिति में परिवर्तित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**जिले में 34 धान उपार्जन केन्द्रों को नवीन पैक्स समिति गठित करने कार्ययोजना तैयार**

सहकारिता विभाग द्वारा जिला रायगढ़ में 34 धान उपार्जन केन्द्रों को नवीन पैक्स समिति गठन करने संबंधी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। नवीन समिति गठन होने के उपरांत सदस्यों को समय की बचत एवं स्थानीय स्तर पर ही अधिक से अधिक सुविधाएँ प्राप्त होने लगेंगी। पशुपालन विभाग में दुधारू पशुओं के सर्वेक्षण, आकलन के आधार पर कम से कम 11 सदस्यों से प्रति दिन 50 लीटर दुग्ध उत्पादन होने पर नवीन समिति गठन किये जाने का प्रावधान है। समिति प्रस्तावित होने पर पशुपालन विभाग द्वारा सर्वप्रथम ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् सहकारिता विभाग से संगठक नियुक्ति उपरांत संगठक द्वारा पंजीयन की कार्यवाही कराई जाएगी। इसी प्रकार मत्स्य पालन विभाग द्वारा मत्स्य निरीक्षक के तकनीकी प्रतिवेदन एवं कार्ययोजना प्रमाण पत्र के आधार कम से कम 11 सदस्य एवं पर्याप्त जल क्षेत्र होने पर सहकारी समिति पंजीयन करने का प्रावधान है।

**सहकार से समृद्धि योजना**

सहकार से समृद्धि योजना के तहत वर्तमान में प्रदेश में 04 जनऔषधी केन्द्र संचालित की जा चुकी है। जिसमें से 01 जनऔषधी केन्द्र जिला रायगढ़ के समिति बरगढ़ भी शामिल है तथा समिति तारापुर में जनऔषधी केन्द्र खोलने की प्रक्रिया जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में जनऔषधी केन्द्र प्रारंभ हो जाने पर स्थानीय स्तर पर लोगों की स्वास्थ का देखभाल एवं स्थानीय स्तर पर औषधी सुलभ हो सकेगा। जिले के सभी पैक्स समितियों में लोक सेवा केन्द्र की स्थापना की गई है। जिसके तहत 35 सेवाओं को शामिल करते हुए आम जनता को स्थानीय स्तर पर ही सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही है। भारत सरकार के द्वारा निर्देशिका में आरआईडीएफ योजना के तहत निर्मित गोदामों को प्रधानमंत्री अन्न भंडारण केन्द्र के रूप में विकसित करने हेतु निर्देशित किया गया है साथ ही जिले के 69 पैक्स समितियों प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र का भी संचालन किया जा रहा है जिसके माध्यम से कृषि से संबंधित संपूर्ण जानकारी तथा ब्लॉक स्तर के समितियों में किसान सुविधा केन्द्र में मनोरंजन हेतु टीवी, बैठक व्यवस्था की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्मित हर घर नल-जल योजना का संचालन भी पैक्स समितियों के माध्यम से संचालित किये जाने का निर्देश जारी किया गया है।

छत्तीसगढ़ शासन, सहकारिता विभाग द्वारा जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) की उप समिति अतिरिक्त जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में 08 सदस्यीय समिति का गठन कर साप्ताहिक समीक्षा करने हेतु निर्देश जारी किया गया है ताकि नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स), डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समितियों के गठन के संबंध में समयबद्ध कार्यवाही किया जा सके, जिससे सहकार से समृद्धि योजनान्तर्गत संचालित कार्यों का जमीनी स्तर पर तत्काल क्रियान्वयन किया जा सके।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480